# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 24.05.2025** **समय : 1905**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।**
- **श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से ''उपयोगकर्ता शुल्क'' वसूलने का निर्णय लिया गया है।**
- **पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने पशुओं के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया सेवा भाुरू की है।**
- **जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से एमवी सेंटिनल के यात्रा कार्यक्रम में संशोधन किया गया है।**

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद मन की बात कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारित होगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से कहा है कि वे वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रत्येक राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करें और एक राज्यः एक वैश्विक गंतव्य के तहत सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचा प्रदान करें। आज नई दिल्ली में नीति आयोग की दसवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि इससे पड़ोसी शहरों का भी पर्यटन स्थल के रूप में विकास होगा। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र और सभी राज्य एक साथ आएं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। इस वर्ष का विषय है 2047 के लिए विकसित भारत के लिए विकसित राज्य। बैठक के एजेंडे में उद्यमिता को बढ़ावा देने, कौशल बढ़ाने और देश भर में स्थायी रोजगार के अवसर पैदा करने के उपाय भी शामिल हैं। विकसित भारत के लिए विकसित राज्य का विचार राज्यों को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और समयबद्ध लक्ष्यों के साथ जुड़े साहसिक, दीर्घकालिक और समावेशी विजन दस्तावेज़ तैयार करने के लिए प्रेरित करना है।

<><><><><><><>

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति की ओर से कल ई–वेस्ट मैनेजमेंट समिट का आयोजन किया गया। मेसर्स हुल्लाडेक रीसाइक्लिंग प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में किया गया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के ANPCC के सदस्य सचिव डॉ. जतिंदर सोहल ने अपने संबोधन में जिम्मेदार ई–वेस्ट मैनेजमेंट की आवश्यकता पर जोर दिया। इस कार्यक्रम के दौरान ई–वेस्ट बिन का आधिकारिक लॉन्च किया गया। हुल्लाडेक रीसाइक्लिंग की कार्यकारी उपाध्यक्ष श्रेया खंडेलिया ने ई–कचरा प्रबंधन नियमों के महत्व और व्यावहारिक कार्यान्वयन के बारे में विस्तार से बताया। शिखर सम्मेलन में प्रशासन के विभिन्न विभागों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से ठोस अपशिष्ट उपनियम 2017 के अनुसार, ''उपयोगकर्ता शुल्क'' वसूलने का निर्णय लिया गया है। अब सफाई कर्मचारियों को कचरा पहुंचाने वाले घरों से 50 रुपये प्रति माह की दर से शुल्क का भुगतान करना होगा। नगरपालिका परिषद ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से एक अप्रैल से शुल्क का भुगतान करने का अनुरोध किया है। उपयोगकर्ता शुल्क का संग्रह परिषद के सफाई कर्मचारियों द्वारा घर–घर जाकर पीओएस मशीन के माध्यम से किया जाएगा। नागरिकों से नकद में भुगतान न करने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग पशुओं के कल्याण और सेहत को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण देखभाल और आपातकालीन प्रतिक्रिया सेवा शुरू किया है। नगरपालिका क्षेत्र में पशुधन से संबंधित किसी भी आपात स्थिति के मामले में, किसान और आम जनता पशु चिकित्सा अस्पताल जंगलीघाट और पशु चिकित्सा अस्पताल गाराचरमा से फोन पर संपर्क कर सकते हैं, जो चौबीसों घंटे सेवाएं प्रदान करते हैं। इसके अलावा, कोई पशु किसी भी प्रकार की संकट की स्थिति में मिलता है, तो जिला या राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र से भी संपर्क किया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में, पशुपालक सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे के बीच अपने निकटतम पशु चिकित्सा संस्थानों पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण ने प्राणी सर्वेक्षण के साथ मिलकर नयाशहर स्थित वनस्पति उद्यान में स्कूली बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसका प्रमुख उद्देश्य बच्चों को प्रकृति के साथ समरसता बनाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर पद्मश्री और स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसेडर नरेश चन्द्र लाल मुख्य अतिथि तथा प्राणी सर्वेक्षण के प्रभारी अधिकारी डॉ. सी शिवापेरूमन, सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण के प्रभारी डॉ. लाल जी सिंह ने जैव विविधता के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से एमवी सेंटिनल के यात्रा कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। विभिन्न द्वीपों में रहने वाले जवाहर नवोदय विद्यालय के स्कूली छात्रों को छुट्टियों के बाद समय पर वापसी के लिए यह बदलाव किया गया है। जलयान एमवी सेंटिनल अब 29 मई को सुबह 7 बजे हैडो जेट्टी से लिटिल अंडमान, कार निकोबार और ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे के लिए रवाना होगा। यह जलयान 31 मई को रात आठ बजे कैम्पबेल बे से ननकौड़ी, कच्छाल, तेरेसा, चौरा, कार निकोबार और लिटिल अंडमान होते हुए श्री विजयपुरम वापस आएगा। जिन यात्रियों ने इस यात्रा के लिए टिकट खरीदे हैं, वे इसी टिकट पर यात्रा कर सकते हैं। यात्री निदेशालय की आधिकारिक वेबसाइट या फीनिक्स बे जेटी पर सूचना काउंटर के माध्यम से अधिक जानकारी ले सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार शतरंज एसोसिएशन की ओर से दूसरा स्वर्गीय टी मोहन राव मेमोरियल ओपन शतरंज टूर्नामेंट 2025 आयोजित किया जाएगा। यह टूर्नामेंट 28 मई से 30 मई तक श्री विजयपुरम के आंध्रा एसोसिएशन हॉल में होगा। इस टूर्नामेंट के लिए सीटें सीमित हैं और पंजीकरण पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर स्वीकार किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ियों से 27 मई शाम 5:00 बजे तक अपनी प्रविष्टियाँ जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>